# Degree of Comparison:

**8.** Positive degree में as + Adj + as सभी तरह के वाक्यों के साथ और so + Adj + as negative वाक्यों में इस्तेमाल किए जाते हैं।

**In terms of human resources India is so developed as any other country. (as developed as)**

**9. Comparative degree में more + Adjective + than का इस्तेमाल होता है परंतु Senior, Junior, Inferior, Superior, Prior इत्यादि के साथ than के स्थान पर 'to' का इस्तेमला होता है।**

**Nobody likes him because he always regards every other person inferior than him. (to him)**

**10.** Prefer के साथ उसके बाद आनेवाले शब्दों के आधार पर नीचे दिए गए दो structures का इस्तेमाल होता है:

**S + prefer + noun/proun/gerund + to + noun/pronoun/ gerund**

**S + prefer + to V1 + rather than + V1**

A poor man prefers poverty with continuing lethargy than prosperity with perseverance. ('to' in place of 'than')

The brave would prefer to lay down their lives rather than to yield. (remove 'to' before 'yield')

11. एक double comparative का structure होता है जिसमें तुलना की जाने वाली चीजें समान अनुपात में बढ़ती या घटती हैं। इसका structure होता है:

**The + comparative + S + V,**
**the + comparative + S + V**

The harder you become before difficulties, the bolder you become in life. (✓)

The further up you go, the cleaner Ganga you find.(✓)

NEW GRAMMAR CONCEPT.pdf<Read-only>

इस structure के प्रयोग में कुछ बातों का ध्यान रखना आवश्यक है: पहला, ये कि दोनों वाक्यों के Verb समान Tense के होने चाहिए।

The more we looked at it, the more we like it. (liked)

दूसरा, ये कि दोनों वाक्यों में से किसी भी वाक्य में से S + V या सिर्फ Verb को हटाया जा सकता है परंतु ध्यान यह रखना होगा कि अगर किसी भी वाक्य में Verb का इस्तेमाल करना होगा तो वह अपने Subject के बाद ही आयेगा,

NEW GRAMMAR CONCEPT.pdf<Read-only>

**The higher the price of petroleum products, the faster the prices of all products go up. (✓)**

**पहले वाक्य में सिर्फ Subject है Verb नहीं।**

12. तुलना समान चीजों में या गुणों में किया जाता है यानि किसी चीज की तुलना उसी वर्ग के अन्य चीजों से किया जाता है।

**New adaptations in information technology are faster than any other sector. (✗)**

NEW GRAMMAR CONCEPT.pdf<Read-only>

इस वाक्य में तुलना असमान चीजों में हो गई है- "new adaptations" की तुलना any other sector से। वास्तव में sector की तुलना sector से और adaptations की तुलना adaptations से ही हो सकती है। इस असमान तुलना को शुद्ध करने के लिए हम तीन में से कोई एक कदम उठा सकते हैं- any other sector's adaptations या any other sector's या प्रचलित रूप से those in any other sector. अंतिम स्थिति में, that तब इस्तेमाल होता है जब subject एकवचन हो और those जब subject बहुवचन हो।

The climatic condition of Bangalore is more salubrious than that of Delhi. (✓) [that = the climate]

NEW GRAMMAR CONCEPT.pdf<Read-only>

13. जब subject या जिसकी तुलना हो रही है उसी वर्ग का सदस्य हो जिससे उसकी तुलना की जा रही है और वह best quality दिखा रहा हो तो no, any या every के बाद other का लगना एकदम जरूरी है। अगर anybody या everybody रहे तो else का। नहीं तो वाक्य गलत हो जाएगा। ध्यान रखें कि यह नियम positive और comparative में ही लागु होता है, superlative में other या else का इस्तेमाल गलत होगा।

India is higher on development index than all developing countries. (use 'other' after 'all')

14. Fewer का इस्तेमाल countable noun के साथ और less का इस्तेमाल uncountable के साथ। लेकिन यदि संख्या निर्धारित हो तो countable के साथ भी less का ही इस्तेमाल होता है।

I had to pay fifty rupees less for that shirt. (✓)

There were fifteen boys less than the normal strength. (✗)

दूसरे वाक्य में संख्या निर्धारित नहीं है क्योंकि हमें क्लास का normal stength नहीं पता है इसलिए यह नहीं बताया जा सकता कि क्लास में कितने लड़के थे। इसलिए less के स्थान पर fewer होगा।

**15.One of के बाद आनेवाला "adjective superlative degree में और noun "plural form" में होता है।**

**India is one of the fastest developing countries of the word. (✓)**

**16.** **नीचे दिए गए adjectives के बाद the most का इस्तेमाल नहीं हो सकता।** क्योंकि => Super से upar है

**Perfect, Full, Unique, Impossible, Absolute, Excellent etc.**

जितनी भी "geometrical shape" है उनके "superlative" का बात इसका comparative | superlative नहीं बनता |

Circular
rectangular
Square, round

**17.** **Superlative का इस्तेमाल कभी भी दो चीजों के लिए नहीं किया जा सकता है।**

**Between Hari and Sundar, the latter is the strongest. (stronger)**

NEW GRAMMAR CONCEPT.pdf<Read-only>

# 18.First/Former, Last/Latter

Former और Latter दो चीजों में से क्रमशः पहले और बाद वाले को इंगित करने के लिए इस्तेमाल किया जाता है और First तथा Last दो से अधिक चीजों में से क्रमशः पहले और अंतिम के लिए। नीचे के उदाहरण देखें:

Of the two great cities the first is bigger.

Of the two films in which he starred, I think the first is better.

Of the five boys who performed at last, the latter was the best.

19. अगर comparative degree में जिन दो की तुलना हो रही है उन्हें एक साथ ही रखा गया हो तो than के स्थान पर of (= between) का इस्तेमाल होगा और तब Comparative के पहले the का इस्तेमाल जरूरी होगा,

**Ram is better than the two sons of the old man.**

**(the better of)**